समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# केद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अंबिकापुर मे सौंपे PM आवास के स्वीकृति पत्र, बोले- ‘कोई गरीब कच्चे मकान मे न रहे’.

Publisher

Published on 14 May 2025



## कार्यक्रम के दौरान केद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कोई गरीब कच्चे मकान मे नहीं रहेगा. नया सर्वे हो रहा है और जिनके कच्चे मकान है, उनके पक्के मकान बनाए जाएंगे.

केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं कृषि व किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान बुधवार (14 मई) को छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में आयोजित ‘मोर आवास मोर अधिकार’ कार्यक्रम में शामिल हुए. सरगुजा संभाग के मुख्यालय अम्बिकापुर के पीजी कॉलेज मैदान में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने की.

कार्यक्रम के दौरान केंद्री मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण और पीएम जनमन के आवास हितग्राहियों को उनके पूर्ण हो चुके आवास की चाबी सौंपी और उन्हें शुभकामनाएं दी. उन्होंने आवास का निर्माण प्रारंभ करने वाले हितग्राहियों के आवास का भूमिपूजन कर उन्हें आवास स्वीकृति पत्र भी प्रदान किया.

’51 हजार हितग्राहियों ने किया प्रवेश’
शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों के नवनिर्मित 51 हजार आवासों में हितग्राहियों को गृह प्रवेश भी करवाया और उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्वंय सहायता समूह की दीदियों, लखपति दीदियों को सम्मानित किया और अमृत सरोवर पोर्टल का शुभारंभ किया.

इस कार्यक्रम के दौरान कहा, “कोई गरीब कच्चे मकान में नहीं रहेगा. नया सर्वे हो रहा है और जिनके कच्चे मकान हैं, उनके पक्के मकान बनाए जाएंगे.” उन्होंने आगे कहा कि हमने वादा किया था कि डबल इंजन की सरकार बनी तो सबको पक्के मकान बनाकर देंगे, हमारी सरकार बनते ही हमने अपना वादा निभाया. छत्तीसगढ़ में जो पात्र हितग्राही थे सबके आवास अब स्वीकृत हो गए हैं.

‘नए भारत का हो रहा उदय’

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नए भारत का उदय हो रहा है. हमारा संकल्प विकसित भारत के निर्माण का है. विकसित छत्तीसगढ़ बनेगा. उन्होंने लखपति दीदी योजना का जिक्र करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में तीन लाख लखपति दीदी बनीं हैं. आने वाले समय में 4 लाख लखपति दीदी बनाएंगे. महिला स्व-सहायता से जुड़ी हर दीदी को लखपति बनाएंगे. गांव के हर एक गरीब को रोजगार से जोड़कर उसकी आमदनी बढ़ाएंगे.

‘खेती को बनाएं फायदे का धंधा’

अपने भाषण के दौरान शिवराज सिंह चौहान ने कहा, “खेती को फायदे का धंधा बनाएंगे. मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सरकार की सराहना करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में धान की फसल 3100 रुपए प्रति क्विंटल के भाव से खरीद रहे हैं. किसानों की आय को बढ़ा रहे हैं. मेरे पास 16000 से अधिक कृषि वैज्ञानिक है.”

उन्होंने ये भी कहा, “29 मई से 12 जून तक कृषि वैज्ञानिक गांवों में आएंगे और 15 से 20 गांवों के किसी सेंटर पर किसानों के साथ बैठकर कृषि को फायदे का धंधा बनाने के लिए चर्चा करेंगे. किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए क्या-क्या किया जाए, वे आपके बीच जाएंगे, आपकी समस्या को सुनेंगे, आपके खेत को देखेंगे, मिट्टी-मिट्टी का परीक्षण करेंगे कि खेत किस प्रकार की फसल के लिए उपयुक्त है. खरीफ फसलों की तैयारी के लिए सुझाव देंगे. खेती के साथ पशुपालन, उद्यानिकी जैसी गतिविधियों को प्रोत्साहित करेंगे.”

15 मई तक जुड़वा लें नाम- सीएम साय

वहीं इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, “अभी आवास प्लस-प्लस का सर्वे चल रहा है. सब से आग्रह है कि 15 मई तक सर्वेक्षण में अपना नाम जुड़वा लें. इस बार आवास के लिए पात्रता में कई छूट दी गई हैं. जिनके पास पांच एकड़ असिंचित जमीन या ढाई एकड़ सिंचित जमीन है, जिनकी मासिक आय 15 हजार रूपए तक है, जिनके पास मोटर साइकल हैं उन्हें भी प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लिए पात्र माना गया है.”

कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी, कृषि मंत्री राम विचार नेताम, लोक स्वास्थ्य परिवार कल्याण एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, राज्य सभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह, सांसद चिंतामणि महाराज मौजूद रहे.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.